सपने में आये मेरे श्याम - प्रेम (Part-1)

रात सपने में आये मेरे श्याम
और बोले तुझको क्या चाहिए
मैं बोला रहना सदा मेरे साथ
और मुझको क्या चाहिए

बैठ के पास मेरे सर पे हाथ रखे
बोले साथ हूँ तेरे मन क्यों उदास करे
देख ले तेरे दिल में ज़रा
कैसे तुझमे ही मैं हूँ मिला

टूटा है दिल मेरा सबसे मिला दगा
मंज़िल भी खो गई कोई ना रहा सगा
वो बोला पगले तू काहे डरे
मैं हूँ तो चिंता काहे करे

घबरा रहा है मन ले चल मुझे तू संग
बिन तेरे मुझको कोई आता नहीं पसंद
सांवरे सोनू से वादा ये कर
जहाँ तू है वहीँ मेरा घर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%8d/